सांवरे बना लो ना सेवादार

हारे का है तू ही सहारा बाबा लखदातार,
हार के बाबा आया हूँ मैं तेरे दरबार,
ओ सांवरे बना लो ना सेवादार....

राहों में तेरी बाबा पलकें बिछाई हैं,
फूलों से मैंने अपनी कुटिया सजाई है,
लीले की तू कर असवारी दर्श दिखा एक बार,
ओ सांवरे बना लो ना सेवादार....

आँख से आंसू बरसे जैसे बादल बरसे रे,
आजा मेरे सांवरिया क्यों तू देर लगाए रे,
तुझपे है विश्वास मेरा श्याम धणी सरकार,
ओ सांवरे बना लो ना सेवादार....

मैंने सुना सांवरिया यारी खूब निभाता है,
पकडे जिसका हाथ उसे दुःख छू कभी नहीं पाता है,
रही और मनोज श्याम का मिलके करे सत्कार,
ओ सांवरे बना लो ना सेवादार.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26789/title/sanwre-bana-lo-na-sewadaar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |